दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur

(Accredited A++ by NAAC)

प्रवेश सूचना/प्रकाशनार्थ

बी.ए. प्रवेश: अनारक्षित संवर्ग की प्रतीक्षा सूची में प्रवेश 16 अगस्त को

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष में दिनांक 16 अगस्त को अनारक्षित संवर्ग के प्रतीक्षा सूची से प्रवेश होगा।

प्रवेश समन्वयक प्रो. मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि दिनाँक 16/08/2024 को बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रातः 10:00 बजे 12:30 तक प्रतीक्षा सूची से 78 अंक तक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। अपराह्न 1:00 बजे से 3:30 बजे तक प्रतीक्षा सूची से 74 अंक तक के प्रवेशार्थियों का प्रवेश होगा। पूर्वाह्न 10:30 से 12:30 तक अनारक्षित संवर्ग के क्षैतिज आरक्षण (फ़्रीडम फाइटर, पीएच, वीएच, ईडीपी, केडब्ल्यूएस, केएम, डब्ल्यूडीपी) के छूटे हुए अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। इसी के साथ पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:30 बजे तक ईडब्ल्यूएस के समस्त अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। प्रवेश कार्य के तीसरे दिन कुल 180 अभ्यर्थियों का प्रवेश हुआ।

प्रवेशार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट और समाचार पत्रों में प्रवेश के अगले कटऑफ़ की नियमित जानकारी करते रहेंगे।

अनारक्षित संवर्ग के क्षैतिज आरक्षण वाले अभ्यर्थी को आरक्षण से संबंधित मूल प्रपत्रों की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों को अपने साथ अद्यतन प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। समस्त अन्यर्थी अपने मूल अंक प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र के साथ एक सेट फ़ोटोकॉपी अनिवार्य रूप से साथ लायेंगे।

प्रवेश के दौरान अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. कीर्ति पांडेय समेत प्रवेश समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। इस दौरान छात्रों की सुविधा के लिए डीएसडब्ल्यू का हेल्प डेस्क लगा रहा।

प्रो. मनोज कुमार तिवारी

बी.ए. (प्रथम वर्ष)

प्रवेश समन्वयक (2024-25)